HIMACHAL PRADESH THIRTEENTH VIDHAN SABHA

(Fourteenth Session)

Questions For Written Answers

Thursday, 10 March, 2022/19 Phalguna, 1943 (Saka)

[Chief Minister - Urban Development Minister - Technical Education Minister - Industries Minister - Health and Family Welfare Minister and Forest Minister].

Total No. of Questions - 24

Sahara Yojna

2066 **Sh. Rohit Thakur(Jubbal-Kotkhai) :**
Sh. Ashish Butail(Palampur) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) in the last 3 years how many applications have been received under SAHARA Yojna; district-wise and year-wise details be given;

(b) how many applications have been processed, funds for which have been released to the beneficiaries; district-wise and year-wise details be given; and

(c) how many applicants have died before funds could be sanctioned to them; case-wise details be given?

सड़क दुर्घटना

2067 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक जिला शिमला में सड़क दुर्घटनाओं में कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा कितने लोग घायल हुए हैं; ब्यौरा मृतकों की उम्र सहित वर्षवार दें?

पर्यटक स्थलों का विकास

2068 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश को पर्यटक स्थलों के विकास व रख-रखाव के लिए 2095 करोड़ रुपये की सैद्धान्तिक मंजूरी प्राप्त हुई है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के तहत कौन-कौन से स्थल चिन्हित हुए; इन पर कितनी धनराशि व्यय की जाएगी व इनका कार्य कब तक प्रारंभ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

वेंटिलेटर

2069 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कुल कितने वेंटिलेटर्स किन-किन चिकित्सा संस्थानों में स्थापित किए गए हैं; कितने फंक्शनल हैं; इन्हें चलाने के लिए कितना स्टाफ उपलब्ध है; ब्यौरा स्वास्थ्य संस्थानवार दें; और

(ख) प्रदेश में कितने ऑक्सीजन प्लांट्स स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित किए गए हैं; इनकी क्षमता, उपकरण के ब्राण्ड का नाम, प्लांट्स को चलाने वाले स्टाफ की संख्या व कितने संस्थानों में ऑक्सीजन स्टोरेज/रिफिल की व्यवस्था है; ब्यौरा स्वास्थ्य संस्थानवार दें?

बेबी केयर किट

2070 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बेबी केयर किट का टेण्डर सालाना होता है; ये टेण्डर कब-कब किए गए व किस कम्पनी को टेण्डर दिए गए हैं; इस योजना पर गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कितनी धनराशि व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक कुल कितनी बेबी केयर किटें खरीदी गईं; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस दौरान कुल कितनी किटें लाभार्थियों को दी गई हैं; बेबी केयर किट में कौन से ब्राण्ड की क्या-क्या सामग्री होती है; ब्यौरा किट के मूल्य सहित दें?

पुल निर्माण / क्रैश बैरियर

2071 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) तंगलिंग खड्ड पर बना पुल बाढ़ में कब बह गया था; इस पुल का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; और

(ख) वर्तमान में क्रैश बैरियर कितने फुट की ऊँचाई तक लगाया जा रहा है; प्रति किलोमीटर ऊँचाई के हिसाब से क्रैश बैरियर स्थापित करने की क्या लागत है; ब्यौरा दें?

पर्यटन को बढ़ावा

2072 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बाड़ीधार में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार कोई योजना बनाने का विचार रखती है?

रेफर के मामले

2073 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक नागरिक अस्पताल अर्की से कितने रोगियों को किन-किन बीमारियों के लिए विभिन्न उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया; कारण सहित ब्यौरा दें?

भूमि क्रय

2074 **श्री संजय अवस्थी (अर्की)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक अम्बुजा सीमेंट द्वारा प्रदेश में कितनी ज़मीन क्रय की गई है और इसका क्या उपयोग किया गया; अप्रयुक्त भूमि का ब्यौरा दें; और

(ख) क्या महाप्रबंधक, ज़िला उद्योग केन्द्र के समक्ष अम्बुजा सीमेंट द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम से क्रय की गई भूमि संबंधी मामले पंजीकृत हुए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

श्रम कार्ड

2075 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा कितने श्रम कार्ड जारी किए गए; कार्ड धारकों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गई; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

पर्यटन को बढ़ावा

2076 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार बन्जार घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु क्या पग उठा रही है; और

(ख) पर्यटन विभाग का कोई सूचना केन्द्र/होटल या कार्यालय खोलने व किसी विशेष योजना के क्रियान्वयन का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

कूड़ा प्रबंधन

2077 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बन्जार नगर में कूड़ा प्रबंधन हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; सरकार बन्जार क्षेत्र हेतु कूड़ा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

निविदाएं

2078 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहडू मण्डल के तहत जो आर0सी0सी0 की दीवारें रोहडू नागरिक अस्पताल की सड़क से नीचे व रोहडू बस अड्डे से ऊपर लगाई गई हैं, इनका कितनी धनराशि का टेंडर हुआ व यह टेंडर किस ठेकेदार को आबंटित किया गया; यह टेंडर ऑनलाइन हुए या ऑफलाइन; यदि टेंडर ऑफलाइन नहीं किए गए तो ऑनलाइन न करने के क्या कारण रहे; यदि ऑनलाइन टेंडर हुए तो कितने ठेकेदारों ने इसमें भाग लिया; ठेकेदारों का ब्यौरा नामवार दें; और

(ख) इन दीवारों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, उसमें से कितनी धनराशि व्यय हुई व कितनी शेष है?

मैहन्दली बखीरना बाईपास

2079 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रोहडू मण्डल में मैहन्दली बखीरना बाईपास रोड के कार्य का टेंडर कब व किसे अवार्ड हुआ; नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) इसका कार्य कब आरम्भ हुआ, कितनी धनराशि का एस्टीमेट प्रस्तावित था व कितनी धनराशि में कार्य शुरू किया गया; और

(ग) इसका कितना कार्य पूर्ण हुआ व कितना कार्य लंबित है; लंबित होने के क्या कारण हैं?

वेतन भुगतान

2080 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के पर्यटन विभाग के अन्तर्गत होटलों व रेस्टोरेंटों में ऐसे कितने आउटसोर्स कर्मचारी हैं जिन्हें पिछले कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है; विभाग कब तक उनका लम्बित वेतन देने का विचार रखता है; ब्यौरा नामवार, तिथिवार व पते सहित दें?

राजकीय अनुदेशक (ग्रुप इंस्ट्रक्टर)

2081 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण के उचित संचालन के लिए समूह अनुदेशक (ग्रुप इंस्ट्रक्टर) का पद सृजित किया गया है; यदि हां, तो क्या यह पद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खुण्डियां व दौलतपुर, जिला कांगडा में भी सृजित है; यदि नहीं, तो इन संस्थानों में कब तक इस पद को सृजित कर दिया जाएगा?

विधायक क्षेत्र विकास निधि

2082 **श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 01.02.2022 तक ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों को विधायक क्षेत्र विकास निधि के तहत कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा धनराशिवार, पंचायतवार, वर्षवार, कार्यवार व अद्यतन स्थिति सहित दें;

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अतिरिक्त अन्य योजनाओं से इस निर्वाचन क्षेत्र को कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा वर्षवार, पंचायतवार, कार्यवार, धनराशिवार व अद्यतन स्थिति सहित दें; और

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2022 तक इस निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों के लिए सांसद विकास निधि योजना (एम0पी0एल0ए0डी0) के तहत कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; ब्यौरा वर्षवार, पंचायतवार, कार्यवार, धनराशिवार व अद्यतन स्थिति सहित दें?

कार्यालय भवन निर्माण

2083 **श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण)ः**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत सुन्नी के कार्यालय भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की धनराशि आबंटित की गई थी; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इसका निर्माण कार्य आरम्भ करने का विचार रखती है व इसका भवन कब तक बनकर तैयार हो जाएगा; ब्यौरा दें?

Transfer of Employees

2084 **Sh. Harshwardhan Chauhan (Shillai):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 3 years upto 01.02.2022, in Shillai PWD division how many Beldar, Chowkidar, Helper, Sweeper & Mate have been transferred; details of each employee be given?

भवन निर्माण

2085 **श्री भवानी सिंह पठानिया (फतेहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि फतेहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र सथाना, कंदोर, रियाली, नगाल व आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केन्द्र खटियाड़, मिनता और जखबड़ के भवन निर्माण हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है व इनकी अनुमानित लागत कितनी है तथा विभाग द्वारा अब तक कितनी धनराशि निर्माण करने वाली एजेंसी को स्थानांतरित की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

Purchase of Properties

2086 **Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years upto 01.02.2022, how many IAS Officers have purchased properties in their name, in the name of spouse or in the name of blood relation or benami (for which a complaint has been made, or any news has appeared in any news paper) also are the purchase of such properties beyond the known of their sources of income; if yes, has any administrative notice been issued to them; if not; why not, in case any such case is brought to the knowledge of the Chief Minister, what action will be initiated against any such person as per the procedure laid down under law; and

(b) how many IAS Officers own property in Himachal Pradesh apart from the ancestral property, apart from a dwelling house constructed any where in the State; details be given?

PWD Sub-Division

2087 **Sh. Pawan Nayyar (Chamba):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that Government has taken a decision to open the PWD Sub-Division in Pt. JLNMC and Hospital Chamba; and

(b) if yes, when the Sub-Division will be created along with the posts; details of posts be given?

Construction of Bridge

2088 Sh. Pawan Nayyar (Chamba):

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether there is any proposal to construct bridge at Bhatthi Nallah on NH-154-A;

(b) what is the status of Design and DPR; and

(c) when the bridge will be sanctioned and by when the work will be started?

Goli to Chamba Road

2089 Sh. Pawan Nayyar (Chamba):

Will the **Chief Minister** be pleased to state is it a fact that NH-154-A between Goli to Chamba is in very poor condition; if yes, by when the repair work of this road will be started?

Yash Paul Sharma,

Secretary.